RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 95
लखनऊ, बुधवार, 22 जनवरी, 2020
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर

एक्टर होना एक प्रिवलेज जॉब
विविध-16

www.dailypioneer.com

एसएमएस लखनऊ में फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम का आयोजन

लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइंसेज, लखनऊ के प्रबंधन विभाग, लखनऊ मैनेजमेन्ट एसोसियेशन तथा एसोसियेशन ऑफ नॉलेज वर्कर्स, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में लर्निंग आउटकम एण्ड रिसर्च मेथड्स पर एक सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आईआईएम लखनऊ के प्रोफेसर डॉ. सब्यसाची सिन्हा द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में प्रो. बीआर सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), एसएमएस, लखनऊ, डॉ धर्मेन्द्र सिंह डीन, एसएमएस, लखनऊ आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों, संस्थानों और संगठनों से 50 से अधिक प्रोफेसर्स विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। जिसमें लगभग 40 प्रतिभागी अन्य संस्थानों के थे। डॉ. सब्यसाची सिन्हा ने पठन-पाठन में केस मेथडालॉजी पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र को एमिटी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ मनोज जोशी और डॉ. धीरज मेहरोत्रा, ऐकेडमिक एवंजलिस्ट एण्ड नेशनल अवार्डी द्वारा सम्बोधित किया गया। वक्ताओं द्वारा शिक्षण में प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे और क्यों किया जाय के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम पूर्ण रूप से शिक्षण के विभिन्न विधियों पर केन्द्रित रहा। सात दिवसीय कार्यक्रम में प्रख्यात वक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिये गये। कार्यक्रम के अन्तिम सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार ने अपने व्याख्यान में शिक्षकों को आज के चुनौतीपूर्ण परिदृश्य में किस प्रकार से स्वयं को अधिक केंद्रित और प्रेरित करना चाहिए, पर अपने विचार प्रस्तुत किये।